# अविप्रा अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर अविप्रा

क्रंमाक / अविप्रा / सचिव / 2021—22 / 1729—60 दिनांक 15/3/22

## बैठक कार्यवाही विवरण

आज दिनांक 15.03.2022 को 11:00 बजे श्री अक्षय गोदारा, आयुक्त, अजमेर विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसका बैठक कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है:—

बैठक में निम्नांकित सदस्यगण उपस्थित हुये :—

1. श्री किशोर कुमार, सदस्य सचिव, अ.वि.प्रा., अजमेर
2. श्री धर्मवीर जारू, अति.पुलिस अधिक्षक दक्षिण, अजमेर।
3. श्री अनिल कुमार, निदेशक अभियंत्रिकी, अ.वि.प्रा., अजमेर
4. श्री अनिल गुप्ता, निदेशक विधि, अ.वि.प्रा., अजमेर।
5. श्री पी.आर.बेनीवाल, निदेशक आयोजना, अ.वि.प्रा. अजमेर।
6. श्री राजकिशोर मीणा, निदेशक वित्त, अ.वि.प्रा. अजमेर।
7. श्री एन.के. भटनागर, अधिक्षण अभियन्ता, अ.वि.वि.एन.एल. (शहर वृत) अजमेर।
8. श्री धमेन्द्र सिंह, अधिक्षण अभियंता जन स्वा. अभि. वि., अजमेर रिजन, अजमेर।
9. श्री योगेश कुमार खत्री, अति. निदेशक पर्यटन विभाग, अजमेर।
10. श्री राहुल कुमार बेनीवाल, ए.आर.एम.रिको अजमेर।
11. श्री महेन्द्र सिंह, अति0 मेनेजर राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम,अजमेर।
12. श्री मनोज कुमार शर्मा, अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा. अभि. वि., अजमेर रिजन, अजमेर।
13. श्री धर्मेन्द्र सहायक अभियन्ता, नगर निगम, अजमेर।
14. श्री विष्णु अडानिया, सहायक अभियंता, नगर पालिका पुष्कर।
15. श्री देवेन्द्र सिंघल अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निमार्ण विभाग, अजमेर।

सर्वप्रथम सचिव, अजमेर विकास प्राधिकरण ने समस्त आगन्तुक समिति के सदस्यो का स्वागत किया बैठक में बाद विचार विर्मश प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा कर निम्नानुसार निर्णय लिये गयेः—

| क्र.स. | एजेण्डा बिन्दु | सबंधित प्रस्तुतकर्ता अधिकारी |
|---|---|---|
| 1 | दिनांक 10.01.2022 को आयोजित कार्यकारी समिति की बैठक मे लिए गये प्रस्तावों की पुष्टि ।<br><br>निर्णयः— सर्वसम्मति से दिनांक 10.01.2022 को आयोजित कार्यकारी समिति की बैठक मे लिये गये प्रस्तावो की पुष्टि की गई। | सचिव<br><br>(किशोर कुमार)<br>सचिव<br>अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर |

Scanned with CamScanner

2 **SUPPLY, INSTALLATION, TESTING AND COMMISSIONING OF LED LIGHTS IN PLACE OF CONVENTIONAL STREET LIGHTS ALONG WITH AMC OF 5 YEARS IN ADA REGION, AJMER के निविदा स्वीकृति के परिचलन प्रस्ताव की पुष्टि।**

निदेशक अभियांत्रिकी

उक्त कार्य की निविदा स्वीकृति कुल राशि रूपए 68704747.42 परिचलन के माध्यम से दिनांक 19.01.2022 के माध्यम से कराई गई थी। अतः परिचलन प्रस्ताव कार्यकारी समिति के समक्ष पुष्टि हेतु प्रस्तुत है।

संलग्न :– परिचलन प्रस्ताव की प्रति।

**निर्णयः– उक्त परिचलन प्रस्ताव पर कमेटी द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई ।**

(अनिल गुप्ता)
निदेशक अभियांत्रिकी

3 **वर्ष 2021–22 की बजट घोषणा बिन्दु संख्या 213 के अन्तर्गत विकास कार्य हेतु राजस्थान पर्यटन विकास निगम द्वारा जारी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति की Deposit Acceptance के क्रम में।**

निदेशक अभियांत्रिकी

राजस्थान पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के पत्रांक 983 एवं 984 दिनांक 07.01.2022 द्वारा पुष्कर में विकास कार्यो हेतु निम्न कार्यो की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की है एवं इस हेतु अजमेर विकास प्राधिकरण को कार्यकारी एजेन्सी नियुक्त किया हैः–

| क्र.सं | कार्य का नाम | राशि रू. (लाखों में) |
|---|---|---|
| 1 | पुष्कर में प्रवेश द्वार निर्माण कार्य। | 140.00 |
| 2 | पुष्कर क्षेत्र में उद्यान निर्माण कार्य। (प्रथम चरण–सिविल कार्य) | 210.00 |
| 3 | गुरूद्वारा साहेब, पुष्कर, अजमेर में हॉल निर्माण कार्य। | 213.00 |
| | **कुल राशि रू.** | **563.00** |

उक्त कार्यो की कुल लागत राशि रू. 563.00 लाख है। अतः SOP के बिन्दु संख्या 04 के अनुसार राशि रू. 500.00 लाख से अधिक के कार्यो हेतु Deposit Acceptance की स्वीकृति हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति की बैठक में प्रस्तुत है।

**निर्णयः– उक्त प्रस्ताव पर कमेटी द्वारा विस्तृत विचार विमर्श कर प्रस्ताव पर सर्वसम्मति Deposit Acceptance की स्वीकृति प्रदान की गई ।**

(अनिल गुप्ता)
निदेशक अभियांत्रिकी

Scanned with CamScanner

| 4 | **विवेकानन्द स्मारक में स्थित 3 Nos Kiosk की P.P.P. Mode पर दर स्वीकृति प्रस्ताव।** | निदेशक अभियांत्रिकी |
|---|---|---|

अजमेर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा उक्त पार्क को विकसित किया गया है। पार्क विकास कार्यों के अन्तर्गत फुटपाथ निर्माण, पार्किंग स्थल निर्माण, तीन कियोस्क, पेड़–पौधे, बिजली, लाईटिंग इत्यादि कार्य कराये गये है। कियोस्क को फुड कोर्ट, इत्यादि के लिए फर्म द्वारा काम लिया जायेगा। पार्क मे स्थित तीन कियोस्क एवं टॉयलेट्स के रखरखाव, पार्क की चौकीदारी, आदि कार्यों के लिए PPP Mode पर बिड आमंत्रित की गई थी। कार्य का Lease period 5 वर्ष रखा गया है जोकि आपसी सहमति से एक वर्ष ओर बढ़ाया जा सकता है। प्रथम तीन वर्षों के लिए पार्क का रखरखाव अजमेर स्मार्ट सिटी द्वारा किया जाएगा। जिसके पश्चात दो वर्षों के लिए पार्क, पेड़–पौधे, आदि रखरखाव कार्य भी फर्म द्वारा इसी दर में किया जाना है।

उक्त बिड में तीन फर्मों ने भाग लिया। तीनों फर्मे तकनीकी बिड में सफल पाये गये। जिसके पश्चात तीन फर्मों की वित्तीय बिड खोली गयी। जिसमें प्रस्तुत दरें निम्नानुसार है :–

| क्र.सं. | फर्म का नाम | प्रस्तुत दर |
|---|---|---|
| 1. | M/s Vertak Infrastructure Pvt. Ltd. | 511121/– प्रतिवर्ष H-1 |
| 2. | M/s Mukesh Vijayvergiye | 211000/– प्रतिवर्ष H-2 |
| 3. | M/s P.C. Solution | 108000/– प्रतिवर्ष H-3 |

निविदा की शर्त अनुसार उक्त दरें प्रत्येक वर्ष 5% की दर से बढ़ाई जाएगी।

सभी Taxes फर्म द्वारा अलग से वहन किया जाएगा। पार्क में स्थित 3 कियोस्क के बिजली एवं पानी का व्यय एवं कनेक्शन आदि का व्यय सम्बन्धित फर्म द्वारा वहन किया जाएगा। फर्म द्वारा पार्क एरिया में किसी प्रकार का पक्का निर्माण नहीं किया जाएगा।

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| | PPP कार्यों की वित्तीय बिड स्वीकार करने के लिये EC सक्षम है। दिनांक 07.03.2022 को कमेटी द्वारा प्राप्त अधिकतम दर राशि 511121/— प्रतिवर्ष की दर कार्यकारी समिति में स्वीकृत किये जाने की अनुशंषा की गई।<br><br>अतः प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष स्वीकृति हेतु प्रस्तुत है।<br><br>**निर्णयः— उक्त प्रस्ताव पर कमेटी द्वारा विस्तृत विचार विमर्श कर प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से प्राप्त अधिकतम दर की स्वीकृति प्रदान की गई ।** | (अनिल गुप्ता)<br>अभियांत्रिकी |
| 5 | **पुष्कर घाटी स्थित सांझी छत के संचालन एवं संधारण का कार्य PPP Mode पर कराने हेतु दर स्वीकृति प्रस्ताव।**<br><br>पुष्कर घाटी स्थित सांझी छत के रिपेयर एवं रिनोवेशन का कार्य अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा वर्तमान में करवाया गया है। उक्त स्थल को 10 वर्ष के लिये संचालन एवं संधारण हेतु Expression Of Interest (EOI) दिनांक 23.02.2022 को जारी की गई थी। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 11.03.2022 को खोली गई। उक्त बिड में आठ फर्म द्वारा भाग लिया गया। तकनीकी बिड के मूल्याकंन में 04 फर्म Responsive पायी गई, Responsive पायी गई फर्मो की वित्तीय बिड दिनांक 14.03.2022 को खोली गई। जिनकी दरे निम्नानुसार प्राप्त हुईः—<br><br>1. M/s. Shivam Enterprises. Rs.1299000.00<br>2. M/s. Hanuman Yadav. Rs. 551000.00<br>3. M/s. Panna Enterprises. Rs. 541200.00<br>4. M/s. Sunset Desert Camp. Rs. 301000.00<br><br>सबसे अधिक दर मैसर्स शिवम एन्टरप्राईजेज द्वारा राशि रू. 1299000.00 प्रतिवर्ष प्रस्तुत की गई है। समिति द्वारा प्राप्त उच्चतम दर को उचित मानते हुये कार्यकारी समिति के समक्ष रखने हेतु अनुशंषा की गई है।<br><br>अतः प्राप्त उच्चतम दर राशि रू. 1299000.00 प्रतिवर्ष स्वीकृति | निदेशक अभियांत्रिकी |

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| | हेतु प्रकरण कार्यकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत है।<br>**निर्णयः— उक्त प्रस्ताव पर कमेटी द्वारा विस्तृत विचार विमर्श कर प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से प्राप्त अधिकतम दर की स्वीकृति प्रदान की गई ।** | (निदेशक अभियांत्रिकी) |
| 6 | Internal Development work & Electrification work for Digital Film Library at Existing Building Near Museum, Ajmer. **में 30.0लाख की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किये जाने के क्रम में।**<br><br>राज्य सरकार के बजट घोषणा वर्ष 2016–17 में अजमेर संग्रहालय में डिजिटल फिल्म लाइब्रेरी के निर्माण के लिए पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग राजस्थान, जयपुर द्वारा राशि रूपये 200.00 लाख का कार्य अजमेर विकास प्राधिकरण के माध्यम से करवाने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी जिसके विरूद्ध डी.पी.आर. तैयार करवाकर अलग– अलग कार्यादेश जारी किए गये थे। राज्य सरकार की राशि रूपये 200.00 लाख के विरूद्ध राशि रूपये 179.67 लाख व्यय का कार्य कराया गया है। कराये गये कार्य के विरूद्ध राजस्थान सरकार से रूपये 149.67 लाख की राशि प्राप्त हुई है। सभी कार्य प्राधिकरण द्वारा पूर्ण कर लाइब्रेरी पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, अजमेर को हस्तांतरित की जा चुकी है। परन्तु राशि राज्य सरकार से रूपये 30.00 लाख की राशि कम प्राप्त होने के कारण कार्य के विरूद्ध भुगतान किया जाना शेष है। इस संबंध में पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, राजस्थान जयपुर से कई पत्राचार भी किए गए है एवं सचिव व निदेशक (अभियांत्रिकी) द्वारा व्यक्तिगत संपर्क किया गया है, परन्तु राज्य सरकार के स्तर पर शेष राशि अभी तक अप्राप्त है। पुरातत्व विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त कार्य के लिए इस विभाग के अधीन बजट प्रावधान स्वीकृत नहीं है। संवेदकों द्वारा शेष राशि भुगतान हेतु कानूनी नोटिस भी दिया गया है।<br><br>प्राधिकरण के आदेश क्रमांक प.5/लेखा/2020–21/554 दिनांक 21.01.2021 को भुगतान के संबंध सचिव, अजमेर विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में निदेशक अभियांत्रिकी, निदेशक वित्त, निदेशक विधि की कमेटी गठित की गई । कमेटी द्वारा लिये गये निर्णय का सारांश :—<br><br>ए.जी. ऑडिट पैरा एवं उपरोक्त समस्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा सहमति से निर्णय लिया गया कि शेष राशि रूपये 30.00 लाख का भुगतान अजमेर विकास प्राधिकरण के स्तर पर किये जाने हेतु कार्यकारी समिति से वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने की अनुशंषा की जाती है। | निदेशक अभियांत्रिकी |

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| | तत्पश्चात दिनांक 16.03.2021 कार्यकारी समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि निदेशक वित्त, आयुक्त महोदया के माध्यम से सवेंदक को शेष राशि दिलवाने के लिए नगरीय विकास विभाग/वित्त विभाग से पत्राचार की कार्यवाही करेगें। कार्यकारी समिति के निर्णय के पालना में प्रमुख शासन सचिव, नगरी विकास विभाग, जयपुर को दिनांक 30.03.2021, 29.03.2021, 02.08.2021, 10.09.2021 को पत्र लिखे गए एवं संयुक्त शासन सचिव, नगरी विकास विभाग, जयपुर को 28.10.2021 को पत्र लिखा गया। संयुक्त शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग, जयपुर के पत्र दिनांक 17.09.2021 की पालना में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, अजमेर को दिनांक 13.12.2021 एवं 14.01.2022 को लिखा गया। परन्तु राज्य सरकार से शेष राशि आज दिनांक तक अप्राप्त है। संवेदक श्री भागचन्द शर्मा द्वारा माननीय न्यायाधीश वाणिज्य न्यायालय, अजमेर दीवानी वाद संख्या 86/2021 में भुगतान के क्रम में वाद दायर किया हुआ है एवं यह एक प्राधिकरण की Committed Liability है। क्योंकि निविदा प्राधिकरण द्वारा जारी की गई थी।<br><br>अतः पुनः प्रकरण राशि 30.00 लाख रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति अजमेर विकास प्राधिकरण के स्तर पर दिये जाने हेतु कार्यकारी समिति के समक्ष प्रस्तुत है।<br><br>**निर्णयः– प्रकरण में विस्तृत विचार विमर्श किया गया एवं माननीय वाणिज्य न्यायालय में विचाराधीन वाद को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से 30.0 लाख रूपये की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति उक्त कार्य के तहत प्रदान की गई।** | (अनिल गुप्ता)<br>निदेशक अभियांत्रिकी |

<u>बैठक अन्त में सधन्यवाद समाप्त की गई</u>

<u>यह बैठक कार्यवाही विवरण आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।</u>

सचिव,
अजमेर विकास प्राधिकरण,
अजमेर

क्रंमाक/अविप्रा/सचिव/2021–22/1729-60 — दिनांक 15/3/22

**प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. निजी सचिव ,प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग,राजस्थान,जयपुर।
2. निजी सचिव, अध्यक्ष, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
3. संयुक्त शासन सचिव–प्रथम,नगरीय विकास विभाग,राजस्थान,जयपुर।
4. अतिरिक्त निजी सचिव,आयुक्त,अजमेर विकास प्राधिकरण ,अजमेर।

Scanned with CamScanner

5. निजी सहायक ,जिला कलक्टर ,अजमेर।
6. निजी सहायक,आयुक्त,नगर निगम,अजमेर।
7. निजी सहायक,पुलिस अधीयक्ष,अजमेर।
8. निजी सहायक,सचिव,अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर।
9. अति. जिला कलक्टर शहर, अजमेर।
10. मुख्य अभियन्ता, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
11. मुख्य अभियंता, अजमेर विद्युत वितरनण निगम लिमिटेड, अजमेर।
12. अति. मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, अजमेर।
13. अति. मुख्य अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, अजमेर रीजन, अजमेर।
14. सलाहकार (एएण्डएम) राजस्थान राज्य औद्योगिकी विकास एवं विनियोजन नि.लि. जयपुर।
15. कार्यकारी निदेशक (यांत्रिकी) (महाप्रबन्धक अभियांत्रिकी), राजस्थान राज्य परिवहन नि.लि. जयपुर।
16. उपनिदेशक, पर्यटन विभाग, अजमेर।
17. उपायुक्त उत्तर/दक्षिण/पुष्कर/किशनगढ़, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
18. निदेशक अभियांत्रिकी/आयोजना/वित्त/विधि, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
19. अधीक्षण अभियन्ता, उत्तर/दक्षिण, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
20. वरिष्ठ नगर नियोजक, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
21. वरिष्ठ लेखाधिकारी, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
22. सहायक विधि परामर्शी, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।
23. आयुक्त, नगर परिषद, किशनगढ़, अजमेर।
24. कार्यकारी अधिकारी, नगरपालिका बोर्ड, अजमेर।
25. प्रभारी अधिकारी भण्डार शाखा, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर।

सचिव,
अजमेर विकास प्राधिकरण,
अजमेर

Scanned with CamScanner